जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति दिनांक-02.08.2025

प्रेस नोट

थाना कांधला पुलिस द्वारा दहेज हत्या के मामले में वाछिंत 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-

ज्ञात हो कि दिनांक 31.07.2025 को थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत दहेज हत्या के संबंध में मृतका के परिजनो द्वारा थाना कांधला पर लिखित तहरीर दी गई। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश प्रभारी निरीक्षक कांधला को दिये गये थे।

आज दिनांक 02.08.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कांधला पुलिस द्वारा दहेज हत्या के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.रामसुमन्तर पुत्र कृष्णपाल निवासी ग्राम गढीरामकौर थाना कांधला जनपद शांमली।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 श्री विक्रम सिंह थाना कांधला जनपद शामली।

2.है0का0 धीरेन्द्र कुमार थाना कांधला जनपद शामली।

3.का0 पुष्पेन्द्र थाना कांधला जनपद शामली।

4.का0 आशुतोष कुमार थाना कांधला जनपद शामली।

काँधला
जनपद-शामली
उत्तर प्रदेश पुलिस
कोतवाली
कार्यालय

थाना कांधला पुलिस द्वारा युवकों के साथ मारपीट करने के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुये 06 अभियुक्त गिरफ्तार :-

ज्ञात हो कि आज दिनांक 01.08.2025 को वादी श्री सुनील चौहान पुत्र जगपाल निवासी ग्राम गढीश्याम थाना कांधला जनपद शामली व उसके भाई राहुल के साथ अभियुक्तगण द्वारा गाली गलौच, मारपीट व जान से मारने की धमकी दी थी। घटना के सम्बन्ध में श्री सुनील उपरोक्त की तहरीर के आधार पर थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना कांधला पुलिस द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्तगण की तलाश की जा रही थी।

इसी क्रम में आज दिनांक 02.08.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कांधला पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये युवकों के साथ गाली गलौच कर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने की घटना में लिप्त 06 अभियुक्तगण को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.इरशाद पुत्र इब्राहिम निवासी ग्राम गंगेरू थाना कांधला जनपद शामली।
2.इरफान पुत्र इस्माइल निवासी ग्राम गंगेरू थाना कांधला जनपद शामली।
3.गय्यूर पुत्र अय्यूब निवासी ग्राम गंगेरू थाना कांधला जनपद शामली।
4.रहीस पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम गंगेरू थाना कांधला जनपद शामली।
5.मेहरबान पुत्र इरफान निवासी ग्राम गंगेरू थाना कांधला जनपद शामली।
6.दानिश पुत्र इस्राइल निवासी ग्राम गंगेरू थाना कांधला जनपद शामली।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 श्री विक्रम सिंह थाना कांधला जनपद शामली।
2.है0का0 धीरेन्द्र कुमार थाना कांधला जनपद शामली।
3.का0 पुष्पेन्द्र थाना कांधला जनपद शामली।
4.का0 आशुतोष थाना कांधला जनपद शामली।

454404071
जनपद-शामली
उत्तर प्रदेश पुलिस
HILFIGER
DENIM

<u>थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ट्रैक्टर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये चोरी की घटना में शामिल 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया ट्रैक्टर बरामदः-</u>

ज्ञात हो दिनाँक 01.08.2025 को वादी श्री सुधीर कुमार पुत्र राजपाल निवासी ग्राम बिरालसी थाना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर ने बनत चौराहे के पास से अज्ञात चोर द्वारा ट्रैक्टर चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर तहरीर दी थी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना आदर्शमण्डी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के शीघ्र अनावरण हेतु टीमें लगी हुयीं थीं।

इसी क्रम में आज दिनांक 02.08.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम द्वारा चलाये जा रहे चोरी/लूट की घटनाओं के अनावरण एवं इनमें लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कोतवाली नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत हुई ट्रैक्ट चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में लिप्त 02 अभियुक्त को चोरी किये हुए ट्रैक्टर सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना आदर्शमण्डी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-</u>

1.रवि कुमार पुत्र सतपाल निवासी ग्राम बुडिया थाना मुलाना जनपद अम्बाला (हरियाणा)।

2.साबिर पुत्र रुकमदीन निवासी ग्राम मलकपुर थाना कांधला जनपद शामली।

<u>बरामदगी का विवरणः-</u>

1.चोरी किया हुआ ट्रैक्टर महिन्द्रा बरामद।

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>

1.उ0नि0 श्री कृष्ण सांगवान थाना आदर्शमण्डी शामली जनपद शामली।

2.है0का0 जहीन अख्तर थाना आदर्शमण्डी शामली जनपद शामली।

3.है0का0 विकास चपराणा थाना आदर्शमण्डी शामली जनपद शामली।

<u>थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा नाबालिग युवती के साथ छेडखानी, गाली गलौच व अभद्र टिप्पणी करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-</u>

ज्ञात हो कि दिनांक 30.07.2025 को थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग युवती के साथ अभियुक्त द्वारा छेडखानी ,अभद्र टिप्पणी व गाली गलौच करने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर नामजद लिखित तहरीर दाखिल की गई थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शामली को दिये गये थे।

इसी क्रम में आज दिनांक 02.08.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा युवती के साथ छेडखानी, गाली गलौच व अभद्र टिप्पणी करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>

1.राशिद पुत्र शहजाद निवासी मौहल्ला सरवरपीर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>

1.उ0नि0 श्री राजकमल थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.का0 जितेन्द्र सिंह थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI